न्यायालय जिला कलक्टर, अलवर (राजस्थान)
अपील संख्याः– 12/40/2020

अपीलार्थीः–	प्रत्यर्थीः–
श्री गोपीराम अग्रवाल, आर.टी.आई. रिसर्च सेन्टर बांसवाडा (राज.) मो0नं0 9414102112	लोक सूचना अधिकारी एवं पदेन अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय), अलवर

अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

––:: निर्णय ::–– दिनांकः– 15.09.2020

1. अपीलार्थी ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (संक्षेप में अधिनियम, 2005) की धारा–6 (1) के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी को आवेदन पत्र प्रस्तुत कर दिनांक 09.07.20 के माध्यम से आवेदन पत्र में वर्णित बिन्दूवार सूचना चाही गई थी, जो उन्हें उपलब्ध नहीं कराई गई। अतः वॉछित सूचनाएं दिलवाई जावे।
2. अपीलार्थी द्वारा अपील पेश कर निवेदन किया है कि लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध नही करवाई, सूचना उपलब्ध करवाई जावें।
3. अपील प्राप्त होने पर दर्ज कर वॉछित सूचना नहीं दिए जाने के संबंध में लोक सूचना अधिकारी से जवाब तलब किया गया एवं अपीलार्थी को नोटिस जारी किया कि यदि वह सुनवाई हेतु उपस्थित होना चाहता है तो दिनांक 15.09.2020 को उपस्थित आवें।
4. अपीलार्थी उपस्थित नहीं आया। लोक सूचना अधिकारी से जवाब प्राप्त हुआ।
5. पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी ने पत्रांक 1117 दिनांक 11.09.2020 के माध्यम से जबाव नोटिस पेश किया जिसके द्वारा अवगत कराया है कि अपीलार्थी का आवेदन दिनांक 09.07.20 में अंकित वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी अलवर के पत्रांक 1117 दिनांक 11.09.20 के माध्यम से पंजीकृत पत्र के द्वारा सूचना अपीलार्थी को भिजवाई जा चुकी है। अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध कराई जा चुका है। अतः अपील निरस्त करने योग्य है। उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी अस्वीकार की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी को भिजवाई जावें।
6. निर्णय आज **दिनांक 15.09.2020** को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।
7. पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

(आनन्दी)
जिला कलक्टर
अलवर